# शहरी समाचार

नई सोच नई पहल

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार का प्रकाशन

जुलाई, 2021 | मासिक | 9वां अंक | नगरीय बुलेटिन | पृष्ठ : 12 | मूल्य : नि:शुल्क




प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

DAY-NULM
Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

## योजना एक नजर में

**12,350**
स्वयं सहायता समूहों (SHGs) का गठन

**73,636**
PMAY आवासों का निर्माण पूर्ण

**22,770**
पीएम स्वनिधि ऋण वितरित

**23,263**
मुख्यमंत्री श्रमिका योजना (MSY) जॉब कार्ड वितरित









## मुख्य आलेख...

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर नगर निकायों ने किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

कोरोना काल में नगर निकाय अकुशल श्रमिकों को उपलब्ध करा रहे हैं रोजगार

उत्साह के साथ मनाया गया PMAY (U) का छठा वर्षगांठ, नगर निकायों ने किया विशेष कार्यक्रम का आयोजन

## इस अंक में


विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर नगर निकायों ने किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

❖❖❖

पर्यावरण संरक्षण हेतु जमशेदपुर अक्षेस की पहल ''मेरा पौधा, मेरी संतान''

❖❖❖

लाइट हाउस प्रोजेक्ट, रांची : बहुत जल्द शहरी आवासविहीन परिवारों को मिलेंगे किफायती एवं खूबसूरत घर

❖❖❖

उत्साह के साथ मनाया गया PMAY (U) का छठा वर्षगांठ, नगर निकायों ने किया विशेष कार्यक्रम

❖❖❖

बनहौरा आवासीय परियोजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में, जल्द ही मिलेगा लाभुकों को अपना आशियाना

❖❖❖

DAY-NULM के तहत गठित क्षेत्र स्तरीय संघों के निबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित

❖❖❖

कोरोना काल में नगर निकाय अकुशल श्रमिकों को उपलब्ध करा रहे हैं रोजगार

❖❖❖

गढ़वा में अतिक्रमण हटाने खुद आगे आ रहे शहरवासी

❖❖❖

मानगो नगर निगम की नई पहल : स्ट्रीट लाईट की शिकायत पर 24 घंटे के अंदर होगी मरम्मत

❖❖❖

लौह नगरी जमशेदपुर का सिनेमाघर बना कोरोना का वैक्सीनेशन सेंटर

❖❖❖

मिहिजाम में PMAY (U) के लाभुकों के लिए हुई विशेष कार्यशाला

❖❖❖

विकास की ओर अग्रसर चास नगर निगम


—

# संदेश



नगरीय प्रशासन निदेशालय के ''शहरी समाचार'' का नवीन अंक निदेशालय के न्यूज लेटर की श्रृंखला का नौवां अंक है। इस अंक में हमने विगत माह (जून 2021) राज्य के सभी नगर निकायों की गतिविधियों को समाहित करने का प्रयास किया है।

विगत माह निदेशालय, सभी नगर निकायों एवं हमारे सहयोगी संस्थाओं के लिए भी उपलब्धियों की अवधि सावित हुआ है। मॉनसून के शुरुआत के साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर राज्य भर के शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था हम सभी के उत्तम प्रदर्शन का सूचक है। इसके साथ ही राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) तथा दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के क्रियान्वयन में प्रगति दर्ज की गई है। वैश्विक कोरोना महामारी की दूसरी लहर के थोड़ा शिथिल पड़ने के बाद अब सामान्य जन-जीवन पटरी पर लौट रही है। ऐसे में नगरीय प्रशासन निदेशालय भी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं लक्ष्यों को पूर्ण करने की दिशा में सतत् प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) कार्यक्रम के तहत राँची में आधुनिकतम तकनीक से युक्त बहुप्रतीक्षित लाईट हाउस परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस आवासीय परियोजना में कुल 1008 आवास का निर्माण होगा और राज्य की राजधानी राँची के आवासविहीन सुपात्र परिवार ''भागीदारी में किफायती आवास'' का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के माध्यम से अब तक लगभग 12,000 जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

विगत दिनांक-05.06.2021 को विश्व पर्यावरण दिवस एवं दिनांक-25.06.2021 को राज्य के शहरी निकायों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के छठे वर्षगांठ का आयोजन जून माह के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। स्थानीय निकायों द्वारा आयोजित किए गए इन दोनों कार्यक्रमों की राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना हुई। इन दोनों गतिविधियों को इस अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। आशा है ऐसे आयोजन हम सभी के मानस पटल पर उत्साह एवं स्फूर्ति का संचार करेंगे और हम अपने सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर निदेशालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने में सफल होंगे।

(विनय कुमार चौबे)
सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।





## विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून)

# नगर निकायों ने किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हमारा जीवन पूरी तरह से पर्यावरण पर निर्भर करता है, क्योंकि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। पर्यावरण वो सारी चीजें हमें उपहार के रूप में उपलब्ध करवाता है जो हमारे जीवन जीने के लिए जरूरी हैं। पर्यावरण से ही हमें शुद्ध जल, शुद्ध वायु, शुद्ध भोजन, प्राकृतिक वनस्पतियां आदि प्राप्त होती हैं, लेकिन इसके विपरीत आज लोग अपने स्वार्थ और चंद लालच के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उसका दोहन कर रहे हैं। आज लोग भौतिक सुख की प्राप्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों का हनन कर प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसका हमारे पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसलिए पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं प्राकृतिक पर्यावरण के महत्व को समझाने के लिए पूरी दुनिया के लोग हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment Day) के रूप में मनाते हैं। इस विशेष दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करना है ताकि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वे सकारात्मक कदम उठा सकें। इसी क्रम में राज्य के सभी नगर निकायों ने अपने सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए अपने–अपने क्षेत्र में पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया।




### पर्यावरण दिवस की रही धूम, जगह–जगह लगाए गए पौधे एवं प्रकृति संवर्धन का लिया गया संकल्प

- जिला प्रशासन द्वारा देवघर नगर निगम क्षेत्र में 1,000 पौधे लगाए गए। साथ ही PMAY(U) घटक 3 और 4 के तहत निर्माणाधीन मोहनपुर आवास परियोजना कैंपस में भी पौधे लगाये गए एवं सभी नागरिकों से पौधारोपण हेतु अपील की गई।
- पलामू जिले के मझिआंव नगर पंचायत के पदाधिकारियों, कर्मियों एवं DAY-NULM के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौधारोपण किया गया।
- लोहरदगा नगर परिषद के अंतर्गत पुरूष आश्रय गृह एवं जाह्नवी स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने वृक्षारोपण किया।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के तीनों निकायों (जमशेदपुर अक्षेस, मानगो नगर निगम एवं जुगसलाई नगर परिषद) द्वारा कई स्थानों पर पौधारोपण किया गया।
- जमशेदपुर अक्षेस द्वारा ऑनलाइन वर्कशॉप कर 1 साल के अंदर 10,000 घरों में होम कंपोस्टिंग करवाने का संकल्प लिया गया।
- चिरकुंडा नगर पंचायत एवं PMAY (U) के लाभुकों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया।
- नगर परिषद, फुसरो के नगर प्रबंधक व सीएलटीसी के समक्ष PMAY (U) लाभार्थी परिवारों के बच्चों ने विशेष चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के मौके पर राज्य के सभी नगर निकायों में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न नगर निकायों के पदाधिकारीगण, नगर प्रबंधक, निकाय कर्मियों, DAY-NULM की महिला सदस्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



देवघर नगर निगम अंर्तगत अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

## मानगो : नये पौधों को मिलेगा घरेलू नाम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विगत 5 जून को मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी श्री दीपक सहाय के नेतृत्व में निगम क्षेत्र में कई जगहों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निगम के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी के लिए महत्वपूर्ण दिवस है। पर्यावरण की शुद्धता को बरकरार रखने के लिए वृक्षों का होना नितांत जरूरी है। इस मौके पर नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कम से कम पांच–पांच वृक्ष अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगाने का निर्देश दिया गया। उन्हें वृक्ष लगाने के साथ–साथ इन वृक्षों के बड़े होने तक उनका ध्यान रखने व समय पर पानी डालने संबंधी सलाह भी दी गई। इस मौके पर कुमरूम बस्ती व आश्रय गृह परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने यह भी बताया कि उन वृक्षों का घरेलू नाम भी रखा जाएगा ताकि घर के लोगों का जुड़ाव इसके साथ हमेशा बना रहे। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास निर्माण करने वाले राजन हांसदा, अंजना मुर्मू, अर्जुन हांसदा समेत कई लाभुकों के घर जाकर उन्हें वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। निगम क्षेत्र में DAY-NULM योजना से संचालित स्वयं सहायता समूहों के द्वारा भी अपने घर एवं आसपास के जगहों पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर कई जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनानें में नगर प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, सीएमएमए निर्मल कुमार, सीएलटीसी अपराजिता एवं कार्यालय कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# पर्यावरण संरक्षण हेतु जमशेदपुर अक्षेस की अनोखी पहल
# ''मेरा पौधा, मेरी संतान''

- समिति जन्म प्रमाण–पत्र के साथ भेंटस्वरूप देती है एक पौधा
- विगत चार वर्षों से चला रही है जन–जागरुकता अभियान




जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (अक्षेस) विगत 4 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरुकता अभियान सह कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना अहम योगदान देते आ रही है। अक्षेस हर वर्ष न सिर्फ विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के दिन ही नहीं, बल्कि सालों भर हर दिन पर्यावरण के बारे में लोगों को जागरूक करते आ रही है। इसी कड़ी में अक्षेस के द्वारा **''मेरा पौधा, मेरी संतान''** कार्यक्रम की शुरुआत कुछ वर्ष पूर्व की गई थी। कार्यक्रम के तहत समिति के कार्यालय में जन्म प्रमाण–पत्र लेने के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा भेंट की जाती है। साथ ही यह संकल्प दिलाया जाता है कि वे इस पौधे की देखभाल भी अपने संतान की तरह ही करेंगे एवं हर वर्ष अपने संतान के जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे, जिससे बच्चे के शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ–साथ उसके मन में पर्यावरण के प्रति भी जागरुकता और पर्यावरण के प्रति प्रेम बना रहे। वर्तमान समय में आधुनिकीकरण की दौड़ में लोग पर्यावरण सुरक्षा की भावना को ताक पर रखकर सिर्फ तकनीक और बिजली उपकरण पर निर्भर होते जा रहे हैं, ऐसे समय में हमें सिर्फ विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण के बारे में सोचना चाहिए। तभी हम अपने आने वाली पीढ़ी को एक शुद्ध वातावरण प्रदान कर सकते हैं।

## ''होम कंपोस्टिंग'' पर वर्चुअल सेमिनार का आयोजन किया गया

जेएनएसी प्रदूषण की रोकथाम के लिए समय–समय पर जाग. रुकता अभियान आयोजित करता है। साथ ही समिति द्वारा कचरे को पृथक कर उसके उठाव के लिए लोगों को जागरूक करने एवं उत्तम वेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिस को अपनाने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वपर्यावरण दिवस के अवसर पर विगत 5 जून को समिति द्वारा होम कंपोस्टिंग के ऊपर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब ने भी अपनी सहभागिता दी। वर्कशॉप के दौरान जमशेदपुर में 1 साल के अंदर 10,000 घरों में होम कंपोस्टिंग करवाने का संकल्प लिया गया। नगर प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि घरों में गीले कचरे का निष्पादन करने से कचरे के परिवहन लागत में कमी आएगी और इसके परिणाम स्वरूप गाड़ी से निकलने वाले धुएं से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी। सेमिनार के दौरान होम कंपोस्टिंग से जुड़े मिथकों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को बताया गया कि वे छोटे से स्थान में भी बिना दुर्गंध के गीले कचरे से खाद बना सकते हैं। कार्यशाला में नगर प्रबंधक संदीप कुमार, SWM Expert सौरभ कुमार एवं लायंस क्लब के सदस्य मौजूद थे।



जेएनएसी के द्वारा होम कंपोस्टिंग के ऊपर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

### अक्षेस के सराहनीय कार्य

- जमशेदपुर अक्षेस द्वारा कचरा फेंके जाने वाले स्थान को पार्क में तब्दील किया गया एवं छठ घाट का भी निर्माण किया गया है, जिससे आसपास का वातावरण स्वच्छ बना रहे।
- विगत वर्ष 2020 में एक डंपिंग यार्ड को भी पार्क में तब्दील किया गया।





# लाइट हाउस प्रोजेक्ट, रांची : बहुत जल्द शहरी आवासविहीन परिवारों को मिलेंगे किफायती एवं खूबसूरत घर

ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज–इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक 3 (किफायती आवास भागीदारी) अंतर्गत, राँची के एच.ई.सी. क्षेत्र में लाइट हाउस परियोजना, आनि, धुर्वा का निर्माण कार्य विगत 15 जून को प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर नगरीय प्रशासन निदेशालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों की टीम परियोजना स्थल पर लगातार अपनी नजरें बनाई हुई है। आवासीय परिसर का निर्माण कार्य के लिए एक वर्ष का समय निर्धारित किया गया है। कार्य प्रगति के पहले सप्ताह में सभी प्राथमिक कार्य जैसे भवन निर्माण के लिए मृदा परीक्षण, निर्माण स्थल के चारों ओर सुरक्षा और संरक्षा के उद्देश्य से मेटल शीट से अस्थायी बैरिकेटिंग, परियोजना स्थल पर समतलीकरण, कर्मचारियों के लिए कार्यालय तथा श्रमिकों के विश्राम करने के लिए लेबर शेड/स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से कराया गया। साथ ही योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए प्रचार–प्रसार का कार्यक्रम चलाया गया। परियोजना के कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्माणकर्ता एजेन्सी एवं stakeholders को श्री मुकेश कुमार, नगर आयुक्त, राँची नगर निगम एवं विजया जाधव, निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा गहन अनुश्रवण किया जा रहा है।

- योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इसके लिए प्रचार–प्रसार कर जागरूकता फैलाने को कहा गया है।
- लघु फिल्म बनाकर लोगों को योजना से संबंधित जागरुकता फैलाने का निर्देश दिया गया है।
- परियोजना स्थल के आसपास के परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण, इन परिवारों को कौशल विकास से जोड़ने एवं स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उनकी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखने का निर्देश दिया गया है।
- स्थानीय इच्छुक लोग जो राजमिस्त्री एवं श्रमिक के रूप में कार्य करना चाहते हैं, उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर परियोजना में रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।
- परियोजना स्थल के चारों ओर हरियाली एवं अनुकूल वातावरण के उद्देश्य से ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया है।

यह आवासीय परियोजना G+8 में वर्गीकृत होगी, जिसमें 7 ब्लॉक में कुल 1008 आवास होंगे। एक घर का कारपेट एरिया 315 वर्गफीट में होगा, जिसमें लाभुक को 1 लिविंग रूम, 1 बेडरूम, 1 रसोईघर, 1 शौचालय, 1 बाथरूम एवं 1 बालकनी मिलेगा। एक घर की कुल लागत 13.29 लाख रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 5.5 लाख और प्रदेश सरकार 1 लाख रुपये का अनुदान देगी। बाकी 6.79 लाख रुपये लाभार्थियों को देने होंगे। फ्लैट का आवंटन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मार्गदर्शिका के अनुसार होगा।

विदित हो कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट केंद्रीय शहरी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका शिलान्यास 1 जनवरी 2021 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा ऑनलाइन किया गया था, जिसके तहत लाभुकों को स्थानीय जलवायु और इकोलॉजी का ध्यान रखते हुए टिकाऊ तथा भूकंपरोधी आवास प्रदान किया जाना है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट के लिए जिन राज्यों को चुना गया है, उनमें त्रिपुरा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट्स में सबसे बेहतरीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है और इस परियोजना से अर्बन हाउसिंग की जरूरतें पूरी होंगी।

## आवासीय परियोजना की विशेषताएँ

- बिजली, पानी, आधारभूत संरचना की संपूर्ण व्यवस्था
- बैंकों से आसान किस्तों में लोन की सुविधा
- सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था
- दोपहिया व चारपहिया पार्किंग की व्यवस्था
- हाई स्पीड लिफ्ट की सुविधा
- सामुदायिक भवन की व्यवस्था
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा
- आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्था
- कौशल विकास केंद्र की सुविधा
- बहुद्देशीय हॉल की व्यवस्था

## फ्लैट की सुविधाएँ एक नजर में

- कारपेट एरिया 315 वर्ग फीट
- टाइल्सयुक्त फर्श
- स्टेनलेस स्टील सिंक
- दीवारों पर पुट्टी
- उच्च गुणवत्तायुक्त सेनेटरी फिटिंग
- रसोईघर में प्लेटफार्म क नीचे कैबिनेट
- बेडरूम में अलमारी डिस्टेम्परयुक्त रंगरोगन उच्च गुणवत्तायुक्त वायरिंग एवं स्विच
- कमरों में पंखे का प्रावधान
- UPVC खिड़कियां (मच्छरदानी सहित)
- अग्निशमन की व्यवस्था



## नई एवं आधुनिक तकनीक से होगा निर्माण

रांची में आवास का निर्माण बिल्डिंग मटेरियल टेक्निक प्रोमोशन काउंसिल, न्यू दिल्ली द्वारा अनुमोदित जर्मनी के 3डी वोल्यूमेट्रिक प्रिकास्ट कंक्रीट कंस्ट्रक्शन सिस्टम का इस्तेमाल कर किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में फैक्टरी से ही बीम–कॉलम और पैनल तैयार कर घर बनाने के स्थान पर लाया जाता है, जिससे निर्माण की अवधि और लागत कम हो जाती है। इस परियोजना के तहत लाभुकों को आवासीय परिसर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, फायर फाइटिंग, स्ट्रीट लाइट, वर्षा जल संरक्षण, लिफ्ट आदि सभी प्रकार की आधुनिकतम तकनीक और सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# उत्साह के साथ मनाया गया PMAY (U) का छठा वर्षगांठ, नगर निकायों ने किया विशेष कार्यक्रम



बासुकीनाथ नगर पंचायत में लाभुकों के गृह प्रवेश पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

25 जून को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के छठे वर्षगांठ के अवसर पर राज्य के सभी नगर निकायों में PMAY(U) के तहत निर्मित आवास के लाभुकों का गृह प्रवेश हुआ। इस दौरान पौधारोपण, रंगोली प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का आयोजन कर आकर्षक एवं सुंदर रंगोली से अपने घर को सजाया गया। नगर निकाय के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को PMAY(U) के तहत बनाए घर को सुरक्षित, साफ–सुथरा एवं व्यवस्थित रखने को कहा गया।

## सभी नगर निकायों में PMAY(U) के वर्षगांठ की रही धूम

- छठे वर्षगांठ के अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी श्री दीपक सहाय, मानगो नगर निगम के द्वारा पौधा वितरण किया गया, लाभुकों के आवास पर विशेष रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव, सीएलटीसी के अपराजिता एवं सीएलटीसी के कर्मी एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

**लाइट हाउस प्रोजेक्ट, रांची के निर्माण स्थल पर श्री शैलेश प्रियदर्शी, सहायक निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय के द्वारा PMAY (U) के छठे वर्षगांठ के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान SLTC टीम, निर्माण एजेंसी के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।**

- जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन PMAY (U) घटक 3 अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच, विशेष पधाधिकारी द्वारा मास्क, सैनिटाइजर तथा पौधा वितरण किया गया।
- बासुकीनाथ नगर पंचायत में लाभुकों द्वारा गृह प्रवेश एवं पौधारोपण का कार्य किया गया।
- लातेहार नगर पंचायत अंतर्गत PMAY (U) के तहत निर्मित पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान लाभुक परिवारों द्वारा वृक्षारोपण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।
- गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 206 लाभुकों तथा सांकेतिक रूप से मुख्यतः वार्ड संख्या 11,12,13 एवं 17 में कुल 26 लाभुकों का व्यक्तिगत रूप से गृह प्रवेश कराया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण हेतु आवास के सामने पौधारोपण भी किया गया।
- मेदिनीनगर नगर निगम में PMAY(U) के 6 वर्ष पुरे होने के शुभ अवसर पर लाभुकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधा भेंट किया गया। इस दौरान अपने सपनों का घर पाने वाले लाभुकों द्वारा रंगोली बनाकर PMAY(U) के प्रति आभार प्रकट किया गया।
- देवघर में PMAY (U) एवं अमृत योजना के छठे वर्षगांठ पर 1000 आवासों का गृह प्रवेश कराया गया एवं अमृत योजना अंतर्गत पार्कों में वृक्षारोपण किया गया योजना के तहत श्रमिकों को सम्मानित करते हुए फलदार पौधा वितरण किया गया।
- नगर परिषद, लोहरदगा अंतर्गत विभिन्न डीपीआर के पूर्ण निर्मित 105 आवासों का गृह प्रवेश हुआ। इस दौरान 55 लाभुकों का पौधा प्रदान किया गया एवं 25 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

PMAY (U) भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना की शुरुआत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 25 जून 2015 को की गयी थी। इन छः वर्षो में इस योजना ने शहरी क्षेत्र के कई आवासविहीन परिवारों को उनके पक्के मकान के सपनों को साकार किया है।



धनबाद में भी योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया।



राँची में LHP स्थल पर वृक्षारोपण किया गया।




JNAC के अधिकारियों द्वारा लाभुकों को पौधा भेंट किया गया।

# बनहौरा आवासीय परियोजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में, जल्द ही मिलेगा लाभुकों को अपना आशियाना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिए घर–आर्थिक रूप से कमजोर तथा निम्न आय वर्गों के लिये वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड द्वारा भी विभिन्न आवासीय परियोजनाओं की शुरुआत की गयी है, जिसमें से एक है बनहौरा आवासीय परियोजना।

**''आवासहीन शहरी गरीबों का पूरा होगा सपना, मिलेगा उनका आशियाना अपना''** इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए विभाग ने PMAY (U) के तृतीय घटक (किफायती आवास भागीदारी) के तहत राजधानी राँची के बनहौरा में 175 फ्लैटों का 4 मंजिला भवन तैयार किया है।

योजना की सूची में उन लाभार्थियों को सम्मिलित किया गया है, जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन किया था। विभाग द्वारा लाभार्थियों के सभी दस्तावेजों का सत्यापन कर बनहौरा आवासीय परियोजना की सूची में उनका नाम सम्मिलित किया गया है। लाभुकों को सिर्फ आवंटित किये गए आवास की चाबी देनी है फिर उनके सिर पर भी होगा अपना छत। इस आवासीय परियोजना में आवास के लिए आवेदन कर चुके लाभुकों में काफी खुशी है।



313 वर्गफिट में बने 5.68 लाख रुपये की लागत के एक घर के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 1.5 लाख रुपये एवं राज्य सरकार द्वारा 1 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। यानि लाभुकों का अशंदान मात्र 3.18 लाख रुपये है।

**प्रमुख विशेषताएँ**

- बिजली, पानी एवं आधारभूत संरचना की संपूर्ण व्यवस्था
- सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था
- 2 पहिया एवं 4 पहिया वाहन के पार्किंग की व्यवस्था
- बैंक से आसान किस्तों में लोन की सुविधा

**प्रत्येक फ्लैट में लाभुकों को मिलेंगी ये सुविधाएं**

- विट्रिफाइड टाइल्स युक्त फर्श
- उच्च गुणवत्तायुक्त बाथरुम फिटिंग
- 24 घंटे पानी की व्यवस्था
- एल.ई.डी. बल्ब एवं अल्युमीनियम की खिड़कियाँ सहित कई सुविधाएँ
- स्टेनलेस स्टील सिंक
- दीवारों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस
- डिस्टेंपर युक्त रंग–रोगन

# DAY-NULM ALF के निबंधन पर कार्यशाला आयोजित

देवघर नगर निगम (डीएमसी) के सभागार में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के तहत गठित क्षेत्र स्तरीय संघों (ALF) के निबंधन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान डीएमसी में कार्यरत सभी सामुदायिक संगठनकर्ता, सामुदायिक संसाधन सेवी तथा क्षेत्र स्तरीय संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री शैलेंद्र कुमार लाल, नगर आयुक्त सह प्रशासक डीएमसी, द्वारा मौके पर महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूह एवं क्षेत्र स्तरीय संघ की भूमिका, कोविड–19 हेतु टीकाकरण का महत्व एवं क्षेत्र संघों के निबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों को कोविड 19 का टीका लगवाने का अनुरोध किया गया। श्री कौशल किशोर, नगर मिशन प्रबंधक डीएमसी एवं हिमांशु शेखर द्वारा क्षेत्र स्तरीय संघों के उद्देश्य, नियमावली, कार्यप्रणाली एवं निबंधन की आवश्यकता निबंधन हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं निबंधन की पूरी प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।



कार्यशाला के दौरान उपस्थित समुदायिक संगठनकर्ता एवं क्षेत्र स्तरीय संघों के प्रतिनिधि।

# कोरोना काल में नगर निकाय अकुशल श्रमिकों को उपलब्ध करा रहे हैं रोजगार



मुख्यमंत्री श्रमिक योजना में निबंधित श्रमिक।


आज छोटे व्यापारी से लेकर बड़े- बड़े व्यापारी तक कोरोना की घातक महामारी के कारण चौतरफा तालाबंदी से परेशान हैं। कारखानों के बंद रहने के कारण भारी संख्या में लोगों की नौकरियां चली गई, जिसकी वजह से बेरोजगारी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई। ऐसी विकट परिस्थिति में लॉकडाउन से सबसे ज्यादा नुकसान यदि किसी को हुआ है, तो वे हैं मजदूर वर्ग के लोग। ये लोग रोज कमाने–खाने वाले होते हैं। इसी काम से वे अपने परिवार का पेट पालते थे, मगर कोरोना संकट के कारण उनके लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना भी बहुत मुश्किल हो गया था। इस बीच राज्य के अकुशल मजदूर जो काम की वजह से दूसरे राज्य में थे, वह वापस अपने घर लौट आये थे, लेकिन उनके पास अपनी आजीविका के लिए कोई रोजगार नहीं था। इस तरह की परेशानियों को गंभीरता से लेते राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी द्वारा अगस्त 2020 में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) की शुरुआत की गयी। इस योजना के तहत झारखंड के शहरी क्षेत्र में वापस आए प्रवासी मजदूरों के पास रोजगार का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। इसके अलावा स्थानीय अकुशल श्रमिक जो रोजगार की तलाश में इधर –उधर भटक रहे थे, उन्हें सरकार द्वारा MSY में निबंधित कर जॉब कार्ड निर्गत किया गया, जिसके बाद कार्य की मांग के आधार पर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया, जिससे वह अपना और अपने परिवार का भरण–पोषण कर सकें।

- योजना के अंतर्गत लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र में श्रमिकों को विभिन्न प्रकार के कार्य उपलब्ध कराए गए। नगर निकाय द्वारा आवंटित कार्य में 98 श्रमिक ठेकेदारों के साथ कार्य कर रहे हैं तथा 79 श्रमिक यूएलबी के साथ कार्य कर रहे हैं।
- योजना अंतर्गत पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों को ससमय कार्य आवंटित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित पंच मंदिर सरोवर घाट की सफाई से की गयी। इसके अलावा जलाशय का सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया।
- लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी–बड़ी नालियां बरसात के दिनों में अक्सर जाम हो जाती थी, जिस कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगता थे। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत निबंधित श्रमिकों को शहर की बड़ी नालियों की साफ–सफाई हेतु कार्य में लगाया गया। इस कार्य में लगभग एक दर्जन श्रमिक लगातार 20 मई 2021 से कार्य कर रहे हैं।



लातेहार में नालियों की साफ–सफाई करते MSY के तहत निबंधित श्रमिक।

## शंकर महतो के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री श्रमिक योजना



बोकारो जिले के चास नगर निगम निवासी शंकर महतो की जिंदगी में व्यापक बदलाव देखने को मिला जब सीआरपी दीदी के द्वारा शंकर महतो का जॉब कार्ड हेतु आवेदन भरवाया गया। शंकर महतो पूर्व में दैनिक मजदूरी करते थे, जिसमें भी उन्हें प्रतिदिन रोजगार मिले, इसकी कोई गारंटी नहीं थी। कई बार उन्हें कई–कई दिनों तक काम नहीं मिलता था, जिसके कारण आये दिन उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की नौबत आ जाती थी। जब लॉकडाउन के दौरान उन्हें कहीं भी कोई काम नहीं मिल रहा था तब उन्हें चास नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे भवन निर्माण में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत रोजगार उप्लब्ध कराया गया। 100 दिन रोजगार की गारंटी मिलने से शंकर महतो व उनका परिवार काफी खुश है। उन्होंने राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए आभार प्रकट किया।

# गढ़वा में अतिक्रमण हटाने खुद आगे आ रहे शहरवासी

हर व्यक्ति अपने जीवन में अलग–अलग भूमिकाएं निभाता है। जीवन के हर रूप में उसके कुछ अधिकार और दायित्व भी होते हैं। जिस तरह से हम निस्वार्थ भाव से अपने परिवार की सेवा करते हैं, उसी प्रकार से अपने देश और समाज के प्रति भी हमारी जिम्मेवारी बनती है। जिस देश में हमने जन्म लिया और जहां हमें प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए अवसर व सुविधाएं प्राप्त हुईं, उस देश व समाज के लिए हमें पूरी ईमानदारी–समझदारी व जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्व निर्वहन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं गढ़वा नगर परिषद के स्थानीय व्यवसायी, जो स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद के प्रयासों में सहयोग कर रहे हैं। शहर के बाजार क्षेत्र की विभिन्न पट्टियों में दशकों से बजबजाती नालियों की सफाई तथा अतिक्रमण से निजात दिलाने का प्रयास नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है।



कार्यपालक पदाधिकारी की अपील पर लोग अपने–अपने अतिक्रमण खुद या मजदूर लगा कर तुड़वा रहे हैं। अधिकारियों ने नाली निर्माण कार्य का मौके पर औचक निरीक्षण कर अतिक्रमण तोड़ने में लगे व्यवसायियों की सराहना करते हुए कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में यहां के नागरिकों ने जिस तरह की समझदारी दिखाई है, वह तारीफ के काबिल है। अगर हमसब मिलकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें तो बहुत जल्द इस तरह की समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि ऐसे सभी जिम्मेदार नागरिकों को नगर परिषद की ओर से प्रशस्ति–पत्र देकर सार्वजनिक तौर से सम्मानित किया जाएगा। स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि हम सभी को अपनी छोटी–छोटी जिम्मेदारियों को, जिनमें साफ–सफाई व अतिक्रमण से संबंधित समस्या तथा लोगों में जागरुकता एवं नियमों का पालन करना आदि शामिल है, उसे ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करना चाहिए।

# मानगो नगर निगम की नई पहल : स्ट्रीट लाइट की शिकायत पर 24 घंटे के अंदर होगी मरम्मत

मानगो निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब होने से शाम होते ही पूरे शहर में अंधेरा छा जा रहा था। इसके कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। रात में सड़क के संकेत वाले बोर्ड ठीक से नजर नहीं आते थे। मॉनसून के समय स्पीड ब्रेकर, गड्ढे और मेनहोल स्पष्ट रूप से दिखाई न देने के कारण क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा हर समय बना रहता है। इन सभी खतरों को देखते हुए समय से पहले मानगो नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। निगम के कार्यपालक पदाधिकारी श्री दीपक सहाय ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर मरम्मत का कार्य पूरा किया जा रहा है। शिकायत प्राप्त होने पर स्ट्रीट लाइट मरम्मत करने का शेड्यूल तैयार कर कार्य किया जा रहा है। स्वयं कार्यपालक पदाधिकारी भी ससमय निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत का औचक निरीक्षण कर जायजा ले रहे हैं। इनमें क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब होने की कितनी शिकायत मिली है और कितने का निष्पादन हो चुका है तथा कितने का कार्य अभी बाकी है। वे इन सबकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। अबतक नगर निगम क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस रोड, बालीगुमा क्षेत्र, आजाद नगर, जवाहर नगर, गोकुल नगर आदि क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत का कार्य पूरा कर उन्हें दुरूस्त कर दिया गया है।

**साफ–सफाई कार्य को जारी रखने के निर्देश**

बारिश के कारण कई जगह जलजमाव की स्थिति पैदा हो जाती है। इस वजह से बीमारियों का फैलना आम बात है। निगम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर में साफ–सफाई का कार्य, कचरा उठाव कार्य, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। राजस्थान भवन, जवाहर नगर रोड, राजेंद्र नगर, आदर्श नगर तथा चेक पोस्ट के आसपास वाले क्षेत्रों में साफ–सफाई का कार्य पूरा किया गया।

# लौह नगरी जमशेदपुर का सिनेमाघर बना कोरोना का वैक्सीनेशन सेंटर



जमशेदपुर के सिनेमाघर में टीकाकरण के दौरान जीत का चिन्ह दिखाते युवा वर्ग।

राज्य में एक ओर जहां कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आ रही है, वहीं राज्य सरकार द्वारा वैक्सीनेशन का काम भी तेजी से किया जा रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अबतक 50 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीका दिया जा चुका है। सरकार की तरफ से टीकाकरण में और तेजी लाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लेने हेतु प्रेरित करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जमशेदपुर जिला प्रशासन ने एक अनोखी पहल की है।

जमशेदपुर जिला प्रशासन द्वारा बिष्टुपुर स्थित पी. एम. मॉल के सिनेपोलिस मल्टीप्लेक्स थिएटर में 18+ उम्र के लोगों के लिए वैक्सीनेशन सेंटर की शुरुआत की गई है। सिनेमाघर में टीका लेने के लिए भारी संख्या में लोगों की उत्सुकता दिख रही है। यहां पहले ही दिन 1,000 लोगों ने कोरोना की वैक्सीन ली। इस सिनेमाघर को जमशेदपुर अक्षेस (अधिसूचित क्षेत्र समिति) का 7वां टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। जमशेदपुर अक्षेस के पदाधिकारियों ने सहयोग के लिए सिनेमाघर के प्रबंधन एवं संचालक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि चिलचिलाती धूप में भी लोग यहां आ रहे हैं और उन्हें एयर कंडीशन हॉल में बैठाकर वैक्सीन दी जा रही है। इस काम में सिनेपोलिस का पूरा मैनेजमेंट प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कोरोना से लड़ाई में लगा हुआ है ताकि कम से कम समय में अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन हो सके। पी. एम. मॉल के प्रबंधन का कहना है कि वे जिला प्रशासन के इस बात के लिए विशेष आभारी हैं कि उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर के लिए उनके मॉल को चुना है। टीका ले चुके लोगों ने बताया कि यहाँ टीकाकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अक्षेस के पदाधिकारियों का कहना है कि लोगों की सुविधा एवं टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए वे हरवक्त मदद को तैयार हैं।

# मिहिजाम में PMAY (U) के लाभुकों के लिए हुई विशेष कार्यशाला

मिहिजाम नगर परिषद के द्वारा 22 जून को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, घटक 3 के तहत लाभुकों को जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय लाभुकों को ऋण एवं इस योजना के अंतर्गत हर तरह की जानकारी को उपलब्ध कराना था। बैठक में बैंक प्रतिनिधियों द्वारा आवेदित लाभुकों के साथ बैंक लोन की कार्य योजना पर भी चर्चा की गई। इस दौरान बैंकों के बीच आवास लोन के लिए होने वाले एग्रीमेंट की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बताया गया कि लाभुक कितनी राशि बैंक को चुकता करेंगे। लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य कागजात कार्यालय को सौंपा जाना है। विदित हो कि आवास की कुल लागत ₹ 6,14,000 है, जिसमें सरकारी अनुदान ₹2,50,000 तथा लाभुक का अंशदान ₹ 3,64,000 है। इसमें 3 लाख 39 हजार रुपये की राशि बैंक के द्वारा प्रति लाभुक को कर्ज के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे एक निश्चित अवधि में बैंक को चुकाना होगा। यहां आवास योजना के तहत नगर परिषद क्षेत्र के हांसीपहाड़ी में कुल 3 मंजिला इमारत में 96 फ्लैट निर्माणाधीन है। बैठक में कामदेव दास, कार्यपालक पदाधिकारी, मिहिजाम नगर परिषद, कमल गुप्ता, अध्यक्ष, नगर परिषद, मनीष कुमार, सिटी मैनेजर आदि शामिल हुए। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नगर परिषद, मिहिजाम क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक 4 के अंतर्गत लाभुकों को भी आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनमें वैसे आवासविहीन गरीब परिवार शामिल हैं, जिनके पास अपना कोई पक्का मकान नहीं है और उन्होंने अपना पक्का मकान लेने का सपना देखा था। घटक 4 के तहत लिस्ट में नाम आये लाभुकों जिन्हें पहली किस्त की राशि निर्गत की गई है, उनका निरीक्षण नगर परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। अधिकारियों द्वारा योजना की संपूर्ण जानकारी के साथ–साथ दिशा–निर्देश एवं जागरूकता प्रदान किया जा रहा है। इस कार्य में नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर प्रबंधक, कार्यपालक पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं कार्यालय कर्मी टीम भावना से कार्य कर रहे हैं।



कार्यशाला में लाभुकों को दी गयी आवास ऋण की जानकारी।

# विकास की ओर अग्रसर चास नगर निगम




चास झारखंड राज्य के बोकारो जिले में एक नगर निगम है। चास बोकारो स्टील सिटी का उप-शहरी क्षेत्र है। चास एक बड़े थोक बाजार के लिए उल्लेखनीय है। चास बोकारो के प्रशासनिक मुख्यालय के रूप में कार्य करता था जब शहर धनबाद जिले का हिस्सा था। बाद में, बोकारो को एक जिले का दर्जा दिया गया और जिला मुख्यालय को स्टील टाउनशिप में स्थानांतरित कर दिया गया। निगम बनने के बाद शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकास किया गया।

- सबसे पहले मुख्य सड़कों का पक्कीकरण किया गया। उसके बाद चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण, विभिन्न मुहल्लों में नाली एवं सड़कों के निर्माण करने के साथ-साथ सड़कों के किनारे पेवर्स ब्लॉक भी बनाए गए हैं।
- निगम के लोगों के मनोरंजन एवं बच्चों के खेलने के लिए 5 अमृत पार्कों का निर्माण भी कराया गया है, जिससे शहर की रौनक में चार-चाँद लग गए हैं।
- आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने एवं उनसे सुझाव प्राप्त करने के लिए चास नगर निगम को पांच जोनल कार्यालयों में बांटा गया है। सभी जोनल कार्यालयों में प्रभारी जोनल पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है ताकि इन कार्यालयों के अन्तर्गत आने वाले वार्डों की शिकायतों, सुविधाओं आदि पर त्वरित सुनवाई की जा सके।
- चास नगर निगम कार्यालय में झारखण्ड राज्य में प्रथम ऑनलाइन आवेदन हेल्प डेस्क एप्प प्रणाली स्थापित की गयी है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों की यथा-साफ-सफाई, कर वसूली, जलापूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, LED लाईट, जन्म-मृत्यु, रोजगार, DAY-NULM, PMSWANidhi, MSY, बिल्डिंग प्लान एवं अन्य मामलों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाता है।
- निगम क्षेत्र अन्तर्गत जिनका पक्का मकान नहीं है, उन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से में सम्मिलित कर नगर निगम क्षेत्र में 1624 पक्के मकानों का निर्माण कराया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर वेंडर आत्मनिर्भर योजना

### मुख्य पर्यटक स्थल

- लूगुबरू घंटबाड़ी
- सिटी पार्क
- जवाहर लाल नेहरू जैविक पार्क
- गरगा बांध

### चास एक नजर में

**कुल वार्डों की संख्या**
35

**कुल क्षेत्रफल**
29.39
वर्ग किलोमीटर

**कुल जनसंख्या**
1,56,888
लगभग

**साक्षरता दर**
साक्षरता दर
73.48%
लगभग

अपर नगर आयुक्त
**अनिल कुमार सिंह**
चास नगर निगम

### प्रमुख कंपनियां

- स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया
- भारत रिफैक्ट्रीज लिमिटेड
- हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड
- दामोदर घाटी निगम की सहायक कंपनियां
- तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम



### स्वच्छता अवार्ड

- वर्ष 2017 में पूरे भारत में चास को 41वाँ व झारखण्ड में नंबर 1 स्थान प्राप्त हुआ।
- वर्ष 2018 में पूरे भारत में चास को 19वाँ व झारखण्ड में नंबर 1 स्थान मिला।
- वर्ष 2019 में स्वच्छता एक्सीलेंस अवार्ड (ALF) प्राप्त हुआ।

**DAY-NULM के अंतर्गत 15 फरवरी, 2019 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रेरणादायक जिला के तहत चास नगर निगम को 'सिटी स्वच्छता आजीविका अवार्ड-2019' के साथ 5 लाख का चेक देकर पुरस्कृत किया गया।**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के छठे वर्षगांठ के अवसर पर राज्य के सभी नगर निकायों में PMAY (U) के तहत निर्मित आवास के लाभुकों का गृह प्रवेश करवाया गया। निकायों में कई तरह के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें मास्क, सैनिटाइजर वितरण, पौधा वितरण, पौधारोपण, रंगोली प्रतियोगिता आदि शामिल हैं।**










Pradhan Mantri Awas Yojana (Urban)

Unlock Your Dream

6th Anniversary










**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार**

Follow us on : @JharkhandDMA , Website : www.dmajharkhand.in

1st Floor, JUPMI Building, Beside H.E.C Headquarter, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand